**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3548**

**17 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

# प्रधान मंत्री मित्र योजना में निवेश

**3548. श्री दुष्यंत सिंह:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) प्रधान मंत्री मित्र पार्क योजना के आरंभ होने के पश्चात् अवसंरचना की स्थापना, सुविधाओं और अब तक प्राप्त किए गए किसी महत्वपूर्ण मील के पत्थर सहित जमीनी स्तर पर हुई विशिष्ट प्रगति और विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उन व्यवसायों और निवेशकों का ब्यौरा क्या है जिन्होंने प्रधान मंत्री मित्र पार्क अथवा वस्त्र पार्क में प्रचालन स्थापित किए हैं अथवा स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसमें किस प्रकार के उद्योग और निवेश शामिल हैं;

(ग) सरकार द्वारा प्रधान मंत्री मित्र पार्क/वस्त्र पार्क में व्यापार और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं जिनमें निवेश और व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कोई प्रोत्साहन, नीतिगत सहायता या संवर्धनात्मक प्रयास शामिल हैं; और

(घ) प्रधान मंत्री मित्र पार्क/वस्त्र पार्क में अब तक कुल कितना वित्तीय निवेश किया गया है, जिसमें सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के योगदान का ब्यौरा और आने वाले वर्षों में अपेक्षित वित्तीय प्रवाह शामिल हैं?

**उत्तर**

**वस्त्र राज्य मंत्री**

**(श्री पबित्र मार्घेरिटा)**

**(क) से (घ):** वस्त्र उद्योग की संपूर्ण मूल्य-श्रृंखला के लिए एकीकृत बड़े पैमाने पर और आधुनिक औद्योगिक अवसंरचना सुविधा विकसित करने के लिए, सरकार ने 2021-22 से 2027-28 की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपये के योजना परिव्यय के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों पर 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है। सरकार ने पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए 7 साइटों अर्थात तमिलनाडु (विरुद्धनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और महाराष्ट्र (अमरावती) को अंतिम रूप दिया है।

यह उम्मीद की जाती है कि प्रत्येक पीएम मित्र पार्क पूरा होने पर 10,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करेगा और 3 लाख प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करेगा।

इस योजना में कुल परियोजना लागत का 30% विकास पूंजी सहायता (डीसीएस) प्रदान करने की परिकल्पना की गई है। योजना दिशानिर्देशों के अधीन विकास पूंजी सहायता (डीसीएस) ग्रीनफील्ड पार्क के लिए 500 करोड़ रुपये तक और ब्राउनफील्ड पार्क के लिए 200 करोड़ रुपये तक सीमित किया गया है। इस योजना में अधिकतम 300 करोड़ रुपये प्रति पार्क की प्रतिस्पर्धात्मक प्रोत्साहन सहायता (सीआईएस) की भी परिकल्पना की गई है जो पार्क में शीघ्र विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन के रूप में प्रदान की जाएगी। यह प्रोत्साहन विस्तृत योजना दिशा-निर्देशों में उल्लिखित शर्तों को पूरा करने पर दिया जाएगा।

व्यवसायों और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर राज्यों, निवेशकों और संभावित पार्क डेवलपर्स सहित विभिन्न हितधारकों के साथ बड़ी संख्या में बातचीत और परामर्श किया गया है।

पीएम मित्र पार्क योजना के अंतर्गत अब तक 18,500 करोड़ रुपये से अधिक की संभावित निवेश क्षमता वाले निवेश समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।

सरकार द्वारा स्थलों की स्वीकृति के पश्चात, चयनित राज्यों/एसपीवी ने पार्क तक अवसंरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए गतिविधियां शुरू कर दी हैं। गुजरात, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और तेलंगाना में पीएम मित्र स्थलों के लिए पर्यावरणीय मंजूरी उपलब्ध है। महाराष्ट्र के अमरावती में पीएम मित्र पार्क के संबंध में, 111 करोड़ रुपये के अवसंरचना विकास की निविदा को अंतिम रूप दिया गया है और कार्य आदेश जारी किया गया है।

पीएम मित्र पार्क अमरावती महाराष्ट्र की आधारशिला माननीय प्रधान मंत्री द्वारा सितंबर 2024 में रखी गई थी।

****